Kavita, Kahani, Vyakaran Evam Rachna

Hin/H/M-2
Hindi Sahitya Ka Etihas-2

# 2024

## ( FYUGP )

## ( 2nd Semester )

# HINDI—I

## ( AECC )

Paper Code : MIL : HIN–I

**( कविता, कहानी, व्याकरण एवं रचना )**

*Full Marks* : 75 *Pass Marks* : 40%

*Time* : 3 hours

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

***The figures in the margin indicate full marks for the questions***

**1.** निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 10

(क) निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटि छवाय।
बिन पानी साबुन बिना, निर्मल करै सुभाय॥

अथवा

(ख) जी, पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको,
पर बाद-बाद में अक्ल जगी मुझको,
जी, लोगों ने बेच दीये ईमान
जी आप न हों, सुनकर ज्यादा हैरान,
मैं सोच-समझकर आखिर,
अपने गीत बेचता हूँ,
जी हाँ हुजुर मैं गीत बेचता हूँ।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 10

(क) "ऐसा तो मत कहो, महाराज! उम्र तो बहुत थी। पचास-साठ रुपया महीना पेंशन मिलती, तो कुछ और काम कहीं करके, गुजारा हो जाता। पर क्या करें पाँच साल नौकरी से बैठे हो गए और अभी तक एक कौड़ी नहीं मिली।"

अथवा

(ख) तीन गज की दूरी से दीख पड़ा, एक लड़का, सिर के बड़े-बड़े बालों को खुजलाता चला आ रहा है। नंगे पैर है, नंगा सिर। एक मैली सी कमीज लटकाए है। पैर उसका न जाने कहाँ पड़ रहे हैं, और न जाने कहाँ जा रहा है, कहाँ जाना चाहता है।

**3.** (क) सूरदास जी के 'भ्रमरगीत' पद का सारांश लिखिए। 10

अथवा

(ख) 'गीतफरोश' कविता में कवि ने अपने गीत की क्या विशेषताएँ बताई हैं?





**4.** (क) 'हार की जीत' कहानी के कथानक को लिखिए। 10

अथवा

(ख) 'क्रोध' निबंध के आधार पर आचार्य रामचंद्र शुक्ल की निबंध-शैली की विशेषताओं को लिखिए।

**5.** निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए : 10

चरित्र का महत्त्व आज गौण हो गया है। समाज में चरित्रवान की नहीं, धनवान की पूछ होती है। फलस्वरूप भ्रष्टाचार पनप रहा है। जिस पिता ने घूसखोरी और भ्रष्टाचार से लाखों रुपए पैदा किए हैं, क्या यह आशा की जा सकती है कि उसका पुत्र सात्विक मनोवृत्ति का निकलेगा।

आज की शिक्षा पद्धति में भी चरित्र-निर्माण के लिए कोई ध्यान नहीं। सच तो यह है कि आचरण की महत्ता को हम भूल गए हैं। इसका प्रभाव तो हमारे संतान पर पड़ना स्वाभाविक है। गाँधीजी इसकी महत्ता समझते थे। अतः वे सदा आत्मा के विकास पर जोर देते थे। वे कहते थे—"आत्मिक शिक्षा के लिए आत्मिक व्यायाम चाहिए और यह व्यायाम शिक्षक का आचरण है। लंका में बैठा सावधान शिक्षक आचरण से शिष्य की आत्मा को हिला सकता है।"

★★★

**2024**

( FYUGP )

( 2nd Semester )

**HINDI—I**

( AECC )

Paper Code : MIL : HIN–I

**( कविता, कहानी, व्याकरण एवं रचना )**

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

SECTION—I

( *Marks* : 15 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×15=15

**1.** कबीर की अनुसार मृग के नाभि में क्या रहता है?

(क) फूल ( )

(ख) गुलदस्ता ( )

(ग) कस्तूरी ( )

2. 'जागो फिर एक बार' कविता के कवि कौन हैं?

(क) नवीनजी ( )

(ख) निराला ( )

(ग) अज्ञेय ( )

3. उधौ कृष्ण के क्या थे?

(क) भाई ( )

(ख) पिता ( )

(ग) मित्र ( )

4. 'निर्गुण कौन देश के वासी' ऐसा किसने कहा?

(क) कृष्ण ( )

(ख) उधौ ( )

(ग) गोपियाँ ( )

5. 'गीतफरोश' कविता के कवि कौन हैं?

(क) सूरदास ( )

(ख) भवानीप्रसाद मिश्र ( )

(ग) तुलसीदास ( )

6. 'भाग्य अपना-अपना' कहानी के लेखक कौन हैं?

(क) प्रेमचंद ( )

(ख) जैनेन्द्र कुमार ( )

(ग) रामकुमार वर्मा ( )





7. लेखक किसके साथ नैनीताल गए थे?

(क) पत्नी ( )

(ख) बेटा ( )

(ग) मित्र ( )

8. पहाड़ी बालक की उम्र कितनी थी?

(क) 5–6 साल ( )

(ख) 8–10 साल ( )

(ग) 10–12 साल ( )

9. खड़गसिंह कौन था?

(क) पुजारी ( )

(ख) मुखिया ( )

(ग) डाकू ( )

10. बाबा भारती का स्वभाव कैसा था?

(क) कठोर ( )

(ख) दयालु ( )

(ग) घमण्डी ( )

11. क्रोध कैसा होता है?

(क) अंधा ( )

(ख) अच्छा ( )

(ग) काला ( )

12. भोलाराम का जीव कहाँ छुपा था?

(क) फाइल में ( )

(ख) पानी में ( )

(ग) कारखाना में ( )

13. क्रोध का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(क) रूठना ( )

(ख) गुस्सा ( )

(ग) बदला ( )

14. 'जागना' का विलोम क्या है?

(क) उठना ( )

(ख) सोना ( )

(ग) भागना ( )

15. 'उपस्थित' शब्द में उपसर्ग क्या है?

(क) उप ( )

(ख) उ ( )

(ग) स्थित ( )





## SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

1. कबीर ने सबसे बड़ा धन किसे और क्यों कहा है?

2. 'हार की जीत' कहानी का उद्देश्य क्या है?

3. 'अपना-अपना भाग्य' कहानी द्वारा क्या संदेश दिया गया है?

4. गोपियाँ उधौ से क्या-क्या कहती हैं?





5. उपसर्ग और प्रत्यय किसे कहते हैं?

6. 'दाँत खट्टे होना' मुहावरा का क्या अर्थ है?

***

**7.** सूरदास की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए?

**8.** अपाहिज बना व्यक्ति कौन था?

★★★